## आनंदीबेन पटेल ने विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन पढ़ा अभिभाषण

# सभी वर्गों की उन्नति व कल्याण के लिए समर्पित है सरकार

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा योगी आदित्यनाथ सरकार सभी वर्गों की उन्नति और कल्याण को समर्पित है। स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक के स्तर में सुधार हुआ और गुणवत्ता बढ़ी है। नए एक्सप्रेसवे, स्टेट हाईवे और सेतुओं के निर्माण से ढांचागत विकास बढ़ा है। राज्यपाल विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में अभिभाषण पढ़ रही थीं। इसमें हर मुद्दे पर सरकार के कामकाज की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का संचालन हो रहा है। गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक 91.35 किमी लंबा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबा गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण चल रहा है। वहीं, डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 5,772 इकाइयों की स्थापना के लिए कुल 3003 लाभार्थियों को 9,765.83 लाख मार्जिन मनी दी गई है। भविष्य में 5500 इकाइयों की स्थापना कराकर 52,000 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने की योजना है। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह मौजूद रहे।



सदन में अभिभाषण पढ़तीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। संवाद

### तीन नए विश्वविद्यालयों में पढ़ाई शुरू

आनंदीबेन ने कहा कि अलीगढ़, सहारनपुर और आजमगढ़ में स्थापित नए विश्वविद्यालयों में पढ़ाई शुरू हो गई है। वहीं, परिषदीय स्कूलों में बच्चों का नामांकन 1.92 करोड़ तक पहुंच गया है। इसमें बीते पांच वर्ष में चालीस लाख बच्चों की बढ़ोतरी हुई है। बीते पांच वर्ष में 1.64 लाख शिक्षकों की भर्ती भी की गई है।

### उच्च शिक्षा का लगातार बढ़ रहा स्तर

राज्यपाल ने कहा कि लखनऊ और गोरखपुर विश्वविद्यालय को नैक रैंकिंग में ए प्लस प्लस श्रेणी मिली है। इसी तरह केजीएमयू लखनऊ को भी नैक रैंकिंग में ए प्लस श्रेणी और मदनमोहन मालवीय तकनीकीविवि गोरखपुर को ए श्रेणी प्राप्त हुई है। भारत में प्रथम बार किसी कृषि विश्वविद्यालय को नैक रैंकिंग दी गई है।

**मोटे अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन :** उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत 'श्री अन्न' मोटे अनाज की पैदावार को बढ़ाने के लिए पहली बार 18 जिलों में 8,453 किसानों से 42,960 टन बाजरा की खरीद कर 91 करोड़ का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में अब तक 12 किस्तों में 51,639.68 करोड़ रुपये किसानों के खाते में जमा हुए हैं।

### तेजी से हो रहा ढांचागत विकास

आनंदीबेन ने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक 118 ब्लॉक मुख्यालयों और 26 तहसील मुख्यालयों को दो-दो लेन के संपर्क मार्गों से जोड़ा जा चुका है। सात अंतरराष्ट्रीय सीमा और 68 अंतर राज्यीय मार्गों को दो लेन किया गया। सभी जिला मुख्यालयों को चार लेन के संपर्क मार्गों और तहसील व ब्लॉक मुख्यालय को दो लेन संपर्क मार्ग से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 तक प्रदेश में सिर्फ चार एयरपोर्ट संचालित थे। अब नौ एयरपोर्ट पूर्ण रूप से संचालित हैं। उधर, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर 21 में लगभग 1,000 एकड़ भूमि पर फिल्म सिटी का निर्माण प्रक्रिया में है।

### पिछले साल 10 माह में आए 24.87 करोड़ पर्यटक

राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2022 में जनवरी से अक्तूबर तक 24.87 करोड़ से अधिक पर्यटक आए। इनमें 4.10 लाख विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव में 15,76,955 दीप जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया।

### क्यूआर कोड और सिली कॉपियां गड़बड़ी रोकने में मददगार

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की 16 फरवरी से शुरू हुई परीक्षाओं में कई नए प्रयोग काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं। परीक्षा में चार रंगों में उत्तर पुस्तिकाएं दी जा रही हैं। वहीं, सिली कॉपियों और क्यूआर कोड का प्रयोग भी परीक्षा में गड़बड़ी रोकने में मददगार साबित हो रहा है। इसका जिक्र राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के अभिभाषण में किया।

**आपराधिक मामलों में लगातार आ रही कमी :** राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में आपराधिक मामलों में लगातार कमी आ रही है। वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में डकैती के मामले में 80.31 प्रतिशत, लूट की घटनाओं में 61.51, हत्या में 32.4, बलवा में 51.65, फिरौती के लिए अपहरण में 43.18 और बलात्कार के मामले में 21.75 प्रतिशत की कमी आई है।